फर्द अहकाम

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा**

नाहरसिंह बनाम गंगासहाय वगै0

किस्म मुकदमा– दावा तकास्मा एवं स्थायी निषे0

मु0नं0–134/2020

पीठासीन अधिकारी– यशवन्त मीना (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.09.2024	पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रावली में जारी प्राथमिक डिक्री की पालना में पत्रांक भू0अ0/2023/1733 दिनांक 21.06.2024 द्वारा कुर्रेजात प्रस्ताव तैयार कर पेश किए जा चुके है। वादी अधिवक्ता द्वारा बहस कुर्रेजात प्रस्ताव हेतु निवेदन किया, वादी अधिवक्ता के निवेदन पर बहस कुर्रेजात प्रस्ताव सुनी गई। वादी अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस निवेदन किया गया कि विवादित भूमि पक्षकारान की सहखातेदारी की भूमि है जिसके तकास्मा हेतु वादी द्वारा वादपत्र न्यायालय हाजा के समक्ष पेश किया गया था जिसमें प्रतिवादीगण बावजूद तामील अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई एवं दिनांक 05.04.2021 को प्राथमिक एवं दिनांक 13.05.2024 को संशोधित प्राथमिक डिक्री जारी की गई। जिसकी पालना में तहसीलदार सिकराय द्वारा कुर्रेजात प्रस्ताव तैयार कर पेश किए गए है। कुर्रेजात प्रस्ताव मुताबिक न्यायालय आदेश के ही तैयार किए गए है इसलिए कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार कर अंतिम डिक्री जारी की जावे। वादी अधिवक्ता की बहस एवं पत्रावली तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं कुर्रेजात प्रस्ताव पर गौर किया गया। तहसीलदार सिकराय द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव मुताबिक न्यायालय प्राथमिक डिक्री ही तैयार किए गए है एवं वादी अधिवक्ता द्वारा भी कुर्रेजात प्रस्ताव सही होना स्वीकार किया है इसलिए कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार कर अंतिम डिक्री किया जाना न्यायोचित है। अतः तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू0अ0/2023/1733 दिनांक 21.06.2024 द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार कर मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव दावा वादी अंतिम डिक्री किया जाता है। तहसीलदार मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करें। कुर्रेजात प्रस्ताव निर्णय का भाग रहेंगे। उपरोक्तानुसार अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार सिकराय को पालना तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 02.09.2024 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा)	उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट सिकराय जिला–दौसा (राज.)